प्रेषक,

मनोज कुमार भास्कर
अपर सिविल जज (जू०डि०)
न्यायालय संख्या-6, फतेहपुर |

सेवा में ,

माननीय महानिबंधक
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद

द्वारा – माननीय जनपद न्यायाधीश
फतेहपुर

विषय: भारतीय डाक विभाग, भारत सरकार के आधीन दिनांक 28.10.2006 से दिनांक 31.12.2019 तक लगातार की गयी सेवा को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में जोड़ने हेतु प्रार्थना पत्र |

माननीय महोदय ,

विनम्र निवदन के साथ प्रार्थी सूचित करना चाहता है कि प्रार्थी द्वारा भारतीय डाक विभाग,भारत सरकार के आधीन दिनांक 28.10.2006 से दिनांक 31.12.2019 तक लगातार विभिन्न पदों पर सेवा प्रदान की गयी है|

2. प्रार्थी का चयन उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में अपर सिविल जज (जू०डि०) के पद पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश संख्या 4221/एडमिन/सर्विसेज/2019 दिनांक 13.12.2019 के अनुपालन में हुआ है |

3. उक्त आदेश के उपरांत निदेशक डाक सेवाए, कानपुर परिक्षेत्र ,कानपुर द्वारा प्रार्थी का उपमंडलीय डाक निरिक्षक कानपुर के पद से तकनीकी त्यागपत्र दिनांक 31.12.2019 को स्वीकार करते हुए दिनांक 31.12.2019 को भार मुक्त किया गया|

4. तदुपरांत प्रार्थी ने दिनांक 01.01.2020 को अपर सिविल जज (जू०डि०)न्यायालय संख्या-6, फतेहपुर के पद पर कार्य भर ग्रहण किया है |

5. प्रार्थी की सेवा पुस्तिका प्रवर डाक अधीक्षक कानपुर नगर मंडल, कानपुर द्वारा माननीय जनपद न्यायाधीश फतेहपुर को प्रेषित करते हुए पत्र दिनांक 11.01.2021 के माध्यम से सूचित किया गया है |

~~6. प्रार्थी की सेवा पुस्तिका इस प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न प्रेषित है |~~

प्रार्थना

माननीय महोदय से अनुरोध है कि प्रार्थी द्वारा भारतीय डाक विभाग ,भारत सरकार के आधीन दिनांक 28.10.2006 से दिनांक 31.12.2019 तक लगातार की गयी सेवा को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में समस्त सेवा लाभ के साथ जोड़ने की कृपा करें |

सादर

Date · 08/02/2021

संलग्नक-1-सहायक निदेशक (स्टाफ) कार्यालय पोस्ट मास्टर जनरल ,कानपुर परिक्षेत्र ज्ञापन संख्या STA/Resignation Cases/2018/I दिनांक 31.12.2019 कि छाया प्रति

2. कार्यभार छोड़ने के चार्ज रिपोर्ट दिनांक 31.12.2019 |

3. ~~सेवा पुस्तिका |~~

भवदीय

09/2/21

मनोज कुमार भास्कर
अपर सिविल जज (जू०डि०)
न्यायालय संख्या-6, फतेहपुर

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, फतेहपुर
पत्रांक संख्या 307/I दिनांक 09-2-2021

अग्रसारित

जनपद न्यायाधीश
फतेहपुर
09/2/2021

Scanned with CamScanner